Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the govt. to fill the 1.25 lac vacant seats of employment.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): अध्यक्ष जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं मध्य प्रदेश के 1.5 करोड़ आदिवासियों के विषय को आपके संज्ञान में डालना चाहता हूँ और उनकी ओर से मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । मध्य प्रदेश में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग को मिलाकर वहाँ बैकलॉग के 1.25 लाख पद रिक्त हैं । इसमें अनुसूचित जनजाति के 78,000 पद, अनुसूचित जाति के 26,000 पद और ऐसे अनेक प्रकार के पदों को मिलाकर 1.25 लाख पद रिक्त हैं । ऐसे समस्त युवा अपने भविष्य बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और विगत कई वर्षों से परेशान हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि उन युवाओं का भविष्य बन जाए और उनके रिक्त पदों की पूर्ति हो पाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।